एक नजर में

## स्वास्थ्य ही जीवन की असली पूंजी : खान




**इंदौर.** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के तत्वावधान में सब जेल देपालपुर में आयोजित स्वास्थ्य सेवा एवं विधिक जागरूकता शिविर एक प्रेरणादायी एवं संवेदनशील पहल बनकर उभरा. इस अवसर पर न्यायपालिका एवं जेल प्रशासन के अधिकारियों ने बंदियों के बीच पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान करता है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हैं. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन का वास्तविक धन है और स्वस्थ शरीर व संतुलित मन के बल पर व्यक्ति हर कठिन परिस्थिति का सामना कर सकता है. इस अवसर पर सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आर. एस. कुशवाह, प्रमुख मुख्यप्रहरी रामेश्वर झणिया, मुख्य प्रहरी रामकरण सोंनगर, प्रहरी विवेक शर्मा, महिला प्रहरी एकता पटेल, आरती सोलिया, मेल नर्स शिवानी श्रीवास्तव, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित संपूर्ण जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे.

## युवाओं की प्रतिभा को मिलेगा नया मंच

**इंदौर.** पहली बार एक अनोखा और बहुआयामी आयोजन ट्रिवेरा 2026 होने जा रहा है, जो युवाओं के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का मंच बनकर सामने आ रहा है. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित ऑडिटोरियम में 9 और 10 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पो आर्ट क्लब द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है. यह आयोजन पारंपरिक कॉलेज फेस्ट से अलग है, क्योंकि इसमें बिजनेस, कॉमर्स, संस्कृति और रचनात्मकता का अनोखा संगम देखने को मिलेगा. ट्रिवेरा 2026 विद्यार्थियों, कलाकारों और युवा उद्यमियों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ नए अवसरों से भी जुड़ सकेंगे. दो दिवसीय इस उत्सव में नुक्कड़ नाटक, स्ट्रीट डांस, एलिवेटर पिच, आईपीएल ऑक्शन, एडमैड शो और लाइव पेंटिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. ये गतिविधियां न केवल प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाएंगी, बल्कि युवाओं को सीखने और आगे बढ़ने की दिशा भी देंगी. कार्यक्रम में कई प्रमुख कलाकारों और विशेषज्ञों की मौजूदगी इसे और खास बनाएगी. इस आयोजन की एक खास पहचान इसका फ्ली मार्केट भी है, जहां युवा उद्यमी अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों और विचारों को प्रदर्शित कर सकेंगे. खास बात यह है कि इस फ्ली मार्केट में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा, जिससे शहर के अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें. ट्रिवेरा 2026 का उद्देश्य उन सभी युवाओं को मंच देना है, जो अपनी कला, सोच और कौशल के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं.

## भक्ताम्बर मण्डप विधान का समापन



**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के मुख्य आतिथ्य में दिगम्बर जैन नरसिंहपुरा जैन मंदिर में दो दिन के भक्तामर मण्डप विधान का समापन हुआ. उक्त समारोह में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिहपुरा संस्थान के राष्ट्रीय परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन का ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश जैन एवं सभी ट्रस्टी गण द्वारा पगड़ी,उपरना एवं मालाओं से सम्पूर्ण समाज कि उपस्थिति में सम्मान किया गया. संस्थान के प्रवक्ता प्रवीण जैन नेबताया कि सम्मान की श्रृंखला में राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश भाई शाह, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया, मध्य प्रदेश अध्यक्ष विदर्भ जैन का भी सम्मान किया गया. नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप का पद एवं कर्तव्य की शपथ शैलेश शाह द्वारा, मुख्य अतिथि कुन्ती लाल जैन के सानिध्य में हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष जैन ने की. विशिष्ट अतिथि चेतन मुसलिया एवं रितेश सुरावत रहे. दिलीप भोलिया अध्यक्ष एव राजेश जैन बानी ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की. मुख्य अतिथि कुन्ती लाल जैन ने अपने उद्बोधन में महिलाओं कि भागीदारी बढ़ाने, सेवा कार्यों का संकल्प, शिक्षा एवं सेवा परअशोक फ़ोकस,पिडित मानव सेवा के कार्यों पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया. कार्यक्रम में विशेष रूप से अशोक जैन चयन, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जखन, उमेश भड़का, महावीर जैन, निलेश दलोदा, कोमल प्रकाश जैन पंछी, प्रदीप जैन, महेश कुमार जैन, महेन्द्र जैन मंदसौर एव महिला मोर्चा से अलका जैन, मोनिका जैन, स्नेहा जैन एवं समाजजन उपस्थित रहे. में आभार नवीन अध्यक्ष दिलीप भोलिया ने माना.

## पारीख अध्यक्ष, डॉ. शर्मा सचिव बने

**इंदौर.** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मालवा इंदौर के चुनाव में समाजसेवी एम जी पारीख अध्यक्ष एवं डॉ. प्रवीण शर्मा मानद सचिव निर्वाचित हुए. चुनाव अधिकारी जायंट्स की सेंट्रल कमेटी के सदस्य एन सी एफ श्याम गोयल की देखरेख में हुए चुनाव में उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए अनिल खंडेलवाल तथा उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर महेश गिरी और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेश जैन सर्वानुमति से चुने गए. चुनाव अधिकारी ने बताया कि कार्यकारिणी में एन एल जैन, शकुन गोयल, कामिनी पांडे, उमा व्यास का मनोनयन किया गया. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और संचालक मंडल सदस्यों को डॉ. वीपी सिंहल, डॉ. के एम शर्मा, विष्णु बिंदल, ओम बंसल आदि ने बधाइयाँ देते हुए शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं.

# दो दर्जन मामलों में फरार ड्रग्स तस्कर को दबोचा

- राजस्थान से एमडी ड्रग्स लाकर इंदौर में करता था सप्लाई
- पुलिस को देख भागने की कोशिश में हुआ घायल




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क में लंबे समय से सक्रिय और करीब दो दर्जन आपराधिक मामलों में शामिल अंतरराज्यीय ड्रग्स सप्लायर को आखिरकार क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया. पुलिस से बचने के लिए भागने की कोशिश, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. भागने के प्रयास में वह घायल भी हो गया. आरोपी राजस्थान के प्रतापगढ़ का रहने वाला है और इंदौर में ड्रग्स सप्लाई की बड़ी कड़ी माना जा रहा है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मामले की शुरुआत पहले पकड़े गए चार आरोपियों रिजवान खोकर, फैजान मंसूरी, समीर लकारा और काजल उपाध्याय से हुई थी. इनके कब्जे से 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त हुई थी, जिसकी कीमत करीब 2.40 लाख रुपए आंकी गई. पूछताछ और मुखबिर सूचना के आधार पर फरार चल रहे वसीम खान का नाम सामने आया. पुलिस ने लगातार लोकेशन ट्रेस कर दबिश दी, दबिश के दौरान पुलिस को देखकर वसीम ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की घेराबंदी में फंस गया. भागते समय गिरने से उसके हाथ में चोट भी आई.

### इंदौर में बड़ा नेटवर्क खड़ा कर चुका है आरोपी

जांच में खुलासा हुआ कि वसीम खान अन्य राज्यों से एमडी ड्रग्स लाकर इंदौर में छोटे सप्लायरों को सप्लाई करता था. वह शहर में बड़ा नेटवर्क खड़ा कर चुका था. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ राजस्थान और मध्यप्रदेश में पहले से करीब दो दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं. इंदौर में भी एनडीपीएस एक्ट के दो केस पहले से दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक गतिविधियों का लंबा रिकॉर्ड सामने आया है. फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है. दंडोतिया का कहना है कि वसीम से पूछताछ में ड्रग्स नेटवर्क के अन्य बड़े नाम और सप्लाई चेन से जुड़े लोगों का खुलासा होने की उम्मीद है।



# 10 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ पेडलर धराया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत खजराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदन नगर निकवासी एक ड्रग्स पेडलर को 100 ग्राम से अधिक एमडी के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है.**

थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिलने पर स्कीम नंबर 134 क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे घेराबंदी की गई. इस दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया. तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई. आरोपी की पहचान 24 वर्षीय ओसामा उर्फ ओसम निवासी रानी पैलेस, गीता नगर, चंदन नगर के रूप में हुई है.

पूछताछ में सामने आया कि वह खुद नशे का आदी है और जल्दी पैसे कमाने के लालच में सस्ते में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था. पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि वह राजस्थान से ड्रग्स लाकर शहर में सप्लाई करता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है. फिलहाल उसे रिमांड पर लेकर ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है.

# छत से गिरकर 18 वर्षीय युवती की मौत

- मोबाइल पर बातचीत के दौरान हादसा या सुसाइड की आशंका

नव भारत न्यूज

**इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक 18 वर्षीय युवती की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई. पुलिस शुरुआती जांच में मामले को आत्महत्या की आशंका से देख रही है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच जारी है.**



घटना समाजवाद नगर गली नंबर तीन की है, जहां रहने वाली मेहक राठौर रात करीब 9 बजे घर लौटने के बाद छत पर चली गई थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी. कुछ देर बाद अचानक नीचे गिर गई. उसका मोबाइल छत पर ही मिला है. परिजन तुरंत मेहक को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### फोन पर बात करते समय विवाद की बात भी आ रही सामने

पुलिस का कहना है कि मेहक कॉस्मेटिक्स की दुकान पर काम करती थी. पुलिस जांच में सामने आया है कि बातचीत के दौरान उसका किसी से विवाद भी हुआ था. हालांकि परिवार का कहना है कि वह छत की रेलिंग पर बैठकर बात कर रही थी और संतुलन बिगड़ने से गिर गई. गिरते समय उसने मदद के लिए आवाज भी लगाई थी. पुलिस का कहना है कि मोबाइल की कॉल डिटेल्स और परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जिसके बाद ही घटना की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी.

# पुलिस ने वाहन चालकों को अब तक 3950 से ज्यादा हेलमेट बांटे

- हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें जागरूकता अभियान किया तेज
- अब तक 26 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट का हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान लगातार गति पकड़ रहा है. पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में अब तक 26 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 3950 से अधिक हेलमेट जरूरतमंद वाहन चालकों को वितरित किए जा चुके हैं.**

मंगलवार को पलासिया चौराहे पर अभियान का 26वां चरण आयोजित किया, जिसमें पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर के सिंह, प्रभारी यातायात डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया. अभियान के तहत ऐसे दोपहिया चालकों को हेलमेट दिए, जिनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण थे. वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पहले चालानी कार्रवाई की गई, इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाकर हेलमेट भी प्रदान किए.



कार्यक्रम में कई जिम्मेदार वाहन चालक स्वेच्छा से हेलमेट पहने हुए पहुंचे, जिनकी पुलिस अधिकारियों ने सराहना करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी दिए. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह का कहना है कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को दुर्घटनाओं के खतरे के प्रति जागरूक करना और नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है. लगातार चल रहे इन कार्यक्रमों के जरिए आमजन में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है.

# हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने का करेंगे प्रयास

- फिक्की फ्लो इंदौर चेप्टर की नई टीम ने साझा की योजनाओं की जानकारी



**इंदौर.** फ़िक्की फ्लो इंदौर चेप्टर द्वारा जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए संगठन का विजन, प्रमुख पहल और नई पदाधिकारियों की टीम का औपचारिक घोषणा की गई. कार्यक्रम के दौरान फ़िक्की फ्लो इंदौर की कार्यशैली, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई. फ्लो इंदौर- पॉवर टू एम्पॉवर की थीम के साथ आयोजित इस आयोजन ने महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूती से प्रस्तुत किया.

इस अवसर पर चेयरपर्सन वंदना गुजराती ने अपने संबोधन में कहा कि फ्लो इंदौर आने वाले समय में समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित प्रयास करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल नेटवर्किंग तक सीमित नहीं, बल्कि वास्तविक परिवर्तन लाने वाली पहलों को जमीनी स्तर पर लागू करना है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए फ्लो इंदौर का सस्टेनेबिलिटी एवं पर्यावरण जागरूकता, स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से महिला उद्यमिता को बढ़ावा और मेंटरशिप एवं लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम्स पर फोकस रहेगा. वर्ष 2026-27 के लिए नई पदाधिकारी हैं- चेयरपर्सन - वंदना गुजराती, सीनियर वाइस चेयरपर्सन आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित, वाइस चेयरपर्सन गिन्नी छाबड़ा, सीनियर ट्रेजरर सीए कविता गुप्ता, ट्रेजरर सीए गर्जना राठौर, सेक्रेटरी पलक हसनंदानी, जॉइंट ट्रेजरर सीए नेहा फिरोदा और जॉइंट सेक्रेटरी रचना मित्तल, पूर्व चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल.

### वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करेंगे

वंदना गुजराती ने बताया कि इस वर्ष की प्रमुख पहलों के अंतर्गत फ्लो इंदौर महिलाओं द्वारा संचालित एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए सरकारी योजनाओं, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और नए व्यवसायिक अवसरों की जानकारी प्रदान करेगा. साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे. साथ ही फ्लो एक गांव को गोद लेगा जहां पानी की व्यवस्था करने के प्रयास किए जाएंगे.



# दीपक एडवरटाइजिंग पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुन : सूचीबद्ध

**इंदौर. मध्य भारत की नंबर 1 कंपनी दीपक एडवरटाइजिंग को पश्चिम मध्य रेल द्वारा पुनः सूचीबद्ध किया गया है. इस शानदार सफलता का जश्न जेठा वन, सिल्वर स्प्रिंग्स बिज़नेस पार्क स्थित नए कॉर्पोरेट ऑफिस में मनाया गया.**

दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने इस उपलब्धि का श्रेय इनोवेटिव एप्रोच और टीम वर्क को दिया. दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा तैयार किये गए एड कैंपेन्स और इवेंट्स हमेशा अपनी आउट ऑफ़ द बॉक्स सोच और सटीकता के लिए चर्चा में रहते हैं. उल्लेखनीय है कि हाल में ही दीपक एडवरटाइजिंग को एनएचएआई द्वारा भी मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए सूचीबद्ध किया है. एडवरटाइजिंग से शुरू होकर आज 360 डिग्री कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में दीपक एडवरटाइजिंग 4 राज्यों और छह शहरों इंदौर, गुड़गांव(दिल्ली), जयपुर, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में अपनी सेवाएं दे रही है.

# देखभाल सहकारिताओं में महिलाओं के लिए अवसर

- कार्यशाला पूर्व विमर्श का आयोजन

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान लेखन कर सभी के दिल दिमाग से डर निकाल दिया. मातृशक्ति भी निर्भीक हो अभिव्यक्ति दें. केंद्र सरकार के सहकार से समृद्धि महाभियान के तहत देखभाल सहकारिताओं में महिलाओं के लिए काफी कुछ करने के अवसर हैं.**

ये विचार समाज विज्ञानी और डॉ भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डोंगरगांव, महू के प्रति कुलगुरु डॉ डी के वर्मा ने व्यक्त किए. आप यहां देखभाल सहकारिताओं पर कार्यशाला पूर्व विमर्श को संबोधित कर रहे थे. आयोजन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) तथा ब्राउस के तत्वावधान में सेवा, समर्थन, आसा तथा राइस फॉर इंपेक्ट, इंडिया के सहयोग से किया गया. दो दिवसीय इस विमर्श में अलीराजपुर, झाबुआ, धार, और इंदौर की महिला प्रतिनिधियों ने सहभागिता की. आईएलओ की दक्षिण एशियाई देशों की उद्यम विकास समन्वयक भारती बिड़ला तथा राष्ट्रीय समन्वयक डॉ बंसरी नाग ने भी संबोधित किया. डॉ वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति में सभी शक्तियां निहित हैं. किंतु कुछ स्वयं महिलाओं ने तो कुछ समुदाय ने कामकाज की सीमा रेखाएं बना दीं. मातृशक्ति इससे ऊपर उठे। बुजुर्ग, बच्चों, दिव्यांगों, शारीरिक बीमारी या मानसिक बीमारी से ग्रस्त लोगों की देखभाल, उनकी भावनात्मक और विकासात्मक आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए देखभाल सहकारिताओं से जुड़ें. भारती बिड़ला ने अनुरोध किया कि मातृशक्ति देखभाल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में सहकारी मॉडल से जुड़ें. इस तथ्य का परीक्षण करें कि सहकारी मूल्य, सिद्धांत और पहचान समुदाय की देखरेख में कैसे योगदान कर सकते हैं. आपने आईएलओ द्वारा कराए विभिन्न सर्वेक्षणों को संदर्भित करते कहा कि मातृशक्ति घर की देखभाल में पांच से साढ़े पांच घंटे देती है, जबकि पुरुष 35 मिनट. इसलिए देखभाल से इनका गहरा नाता है.

### मातृशक्ति को सशक्त बनाना लक्ष्य

डॉ बंसरी नाग ने सामूहिक नेतृत्व और देखभाल सहकारिता पर विचार रखे और बताया कि आईएलओ गत तीन वर्षों से मप्र में परियोजना संचालन में व्यस्त है. जिंदगी की कहानी को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है. देखभाल सफल होने पर सभी कामकाज सफल होते हैं. इन सहकारिताओं का लक्ष्य मातृशक्ति को सशक्त बनाना है. वरिष्ठ पत्रकार नीलमेघ चतुर्वेदी ने पंचायत राज और कृषि सहकारिताओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर चिंतन की अपेक्षा की। ब्राउस के डॉ कौशलेंद्र वर्मा और प्रेमप्रकाश गुप्ता भी उपस्थिति थे.

## प्रेस क्लब स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम

**इंदौर.** देश के मूर्धन्य पत्रकार, इंदौर प्रेस क्लब संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र माथुर का 9 अप्रैल को पुण्य स्मरण दिवस है. पलासिया चौराहे स्थित स्व. श्री माथुर की प्रतिमा पर सुबह 8.30 बजे इंदौर प्रेस क्लब और मीडिया के साथियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी.

प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम और महासचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर शाम 4 बजे इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागार में इंदौर घराने की पत्रकारिता पर किस्सागोई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसमें वरिष्ठ पत्रकार सतीश जोशी, प्रकाश हिंदुस्तानी, तपेन्द्र सुगंधी, प्रवीण शर्मा, हेमन्त पाल और अरविंद तिवारी अतिथि वक्ता के रूप में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम के पश्चात प्रेस क्लब के 64वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 64 दीप परिसर में प्रज्जवलित किए जाएंगे. साथ ही भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इस मौके पर शहर के ख्यात कलाकार राष्ट्रीय गीतों की सुरमयी प्रस्तुति भी देंगे.

एक नजर में | विश्व स्वास्थ्य दिवस पर युवाओं को मिला स्वास्थ्य का संदेश

# एनीमिया केवल एक रोग नहीं, असंतुलित जीवनशैली का परिणाम

**इंदौर. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एसकेआरपी गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष शरीर क्रिया विज्ञान डॉ. एके द्विवेदी, ने बीएचएमएस विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान देकर रक्ताल्पता (एनीमिया) की रोकथाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया.**



डॉ. द्विवेदी ने कहा कि एनीमिया केवल एक रोग नहीं, बल्कि पोषण की कमी और असंतुलित जीवनशैली का परिणाम है. इसे सही खान-पान और जागरूकता से आसानी से रोका जा सकता है. उन्होंने गुड़-चना, खारक, पिंड खजूर, पालक, चीकू, चुकन्दर, सत्तू और आंवला कैंडी के नियमित सेवन के सकारात्मक प्रभावों को विस्तार से समझाया. उन्होंने हेल्थ डिस्पोजिशन एंड डिसीज के सिद्धांत को बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य, मानसिक प्रवृत्ति और रोग- ये तीनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, और प्रारंभिक अवस्था में संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया.

**कम उम्र में बढ़ता मोटापा, एक गंभीर चिंता**-डॉ. द्विवेदी ने युवाओं में तेजी से बढ़ते मोटापे को गंभीर समस्या बताया. उन्होंने कहा कि अनियमित दिनचर्या, जंक फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण कम उम्र में ही हार्ट अटैक जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं. इससे बचने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक संतुलन आवश्यक है.

### पीसीओडी एवं हार्मोनल असंतुलन पर विशेष

विशेष रूप से 18 से 26 वर्ष की युवतियों में बढ़ती पीसीओडी, अनियमित माहवारी और हार्मोनल असंतुलन पर उन्होंने चिंता व्यक्त की. उन्होंने बताया कि इन समस्याओं को फिजियोलॉजिकल एवं प्राकृतिक तरीकों से नियंत्रित किया जा सकता है, जिसमें सही आहार, नियमित दिनचर्या और मानसिक संतुलन की महत्वपूर्ण भूमिका है.